कामदगिरि पर्वत कचरा मुक्त करने चलाया गया सफाई महाअभियान

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 24 मई। धर्मनगरी चित्रकूट में कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में व्यापक सफाई महा अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान जिलाधिकारी पुलकित गर्ग, के निर्देशन में चित्रकूट के स्थानीय श्रमदाताओं एवं कामदगिरि स्वच्छता समिति के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया।

अभियान के दौरान कामतानाथ परिक्रमा मार्ग, तुलसी चौराहा, भरत मिलाप मंदिर एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई की गई। सफाई कर्मियों ने मार्ग पर फैले कूड़ा-करकट, प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री को एकत्रित कर उसका समुचित निस्तारण किया। साथ ही परिक्रमा मार्ग को स्वच्छ, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु व्यापक स्तर पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की गई। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष ब्रांड एंबेसडर नगर पालिका राकेश केसरवानी ने लोगों से अपील की परिक्रमा करने के दौरान पर्वत की तरफ गंदा ना करें जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार ने श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कूड़ा निर्धारित स्थानों पर डालने, सिंगल यूज़ प्लास्टिक का कम प्रयोग करने तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। श्रद्धालुओं से बंदरों को मार्ग के बीच भोजन न देने का अनुरोध भी किया गया, जिससे श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्रभावित न हो।

कामदगिरि स्वच्छता समिति ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से नियमित रूप से स्वच्छता अभियान में सहभागिता करने तथा डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की महत्वपूर्ण अभियान में जितेंद्र केसरवानी कृष्णा शुक्ला राजेंद्र त्रिपाठी में रसूल खान, जानकी प्रसाद, बिनोद, बीरेंद्र, राजेश, रवि, रामशिया, राकेश, मोनू सहित नगर पालिका परिषद के कर्मचारी, स्वच्छता कर्मी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

श्री राम के विवाह पर श्रद्धालुओं ने किया जमकर नृत्य

नवभारत न्यूज

उचेहरा 24 मई। पुरुषोत्तम मास के पावन पर्व पर उचेहरा जनपद के ग्राम पोंड़ी गरादा के गरादा बाबा धाम में चल रही संगीतमय नौ दिवसीय श्रीराम कथा के षष्ठम दिवस कथावाचक पंडित अरुणेश मिश्रा ने धनुषयज्ञ एवं श्रीराम विवाह का मनोहारी चित्रण किया।

सभी श्रोताओं नें भगवान के विवाह में जमकर नृत्य किया। इस कार्यक्रम को जनता जनार्दन के द्वारा खूब सराहा जा रहा है , कथा में श्री नरसिंह अखाड़ा के महन्त श्री सिद्ध गणेशदास जी ने पहुंचकर सभी भक्तों को अपना आशीष प्रदान किया , यह कथा 26 मई तक अनवरत चलती रहेगी , आयोजक समिति नें सभी से कथा में पहुंचने का अनुरोध किया है।

ईदगाह मोहल्ला में पानी के कम प्रेशर से परेशानी

नवभारत न्यूज

नागौद 24 मई। ग्राम पंचायत बारा पत्थर के ईदगाह मोहल्ले के पूर्वी क्षेत्र में पानी के?? लिए परेशानी बढ़ती जा रही है।? एक तो ?इस क्षेत्र में शाम? के? शाम ही पानी की सप्लाई की? जाती? है ।? लोग? रोज शाम को पांच बजते ही पानी का इंतजार करते हैं पर कम प्रेशर के कारण बमुश्किल दो चार मिनट पानी आता है और फिर हवा फेंकते हुए बंद हो जाता है।

उपरी क्षेत्र में बने मकानों में भरपूर पानी आता है किन्तु अंतिम छोर में बने मकानों में पानी नहीं आता। पिछले दस पन्द्रह दिनों से यही स्थिति बनी हुई है। नगरपालिका अधिकारी को मोहल्ले वालों ने सूचना दी है । कभी टंकी फुल नहीं होने की बात कही जाती है तो कहीं कुछ और। आधे मोहल्ले में भरपूर पानी आता है, निचले क्षेत्र में पानी नहीं आ रहा है। इस भीषण गर्मी में पानी की परेशानी से मोहल्ले वासी दुखी हैं।

श्रमिकयों मेंस्वच्छ साधना सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को की गई सफाई चित्रकूट 24 मईधर्मनगरी चित्रकूट में कामतानाथ परिक्रमा मार्ग पर व्यापक महासफाई अभियान चलाया गया। यह अभियान जिलाधिकारी श्री पुलकित गर्ग, के निर्देशन में चित्रकूट के स्थानीय श्रमदाताओं एवं कामदगिरि स्वच्छता समिति के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया।अभियान के दौरान कामतानाथ परिक्रमा मार्ग, तुलसी चौराहा, भारत मिलाप मंदिर एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई की गई। सफाई कर्मियों ने मार्ग पर फैले कूड़ा-करकट, प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री को एकत्रित कर उसका समुचित निस्तारण किया। साथ ही परिक्रमा मार्ग को स्वच्छ, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु व्यापक स्तर पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष ब्रांड एंबेसडर नगर पालिका राकेश केसरवानी ने लोगों से अपील की परिक्रमा करने के दौरान पर्वत की तरफ गंदा ना करें जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार ने श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कूड़ा निर्धारित स्थानों पर डालने, सिंगल यूज़ प्लास्टिक का कम प्रयोग करने तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। श्रद्धालुओं से बंदरों को मार्ग के बीच भोजन न देने का अनुरोध भी किया गया, जिससे श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्रभावित न हो।

कामदगिरि स्वच्छता समिति के ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से नियमित रूप से स्वच्छता अभियान में सहभागिता करने तथा डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की

महत्वपूर्ण अभियान में जितेंद्र केसरवानी कृष्णा शुक्ला राजेंद्र त्रिपाठी में रसूल खान, जानकी प्रसाद, बिनोद, बीरेंद्र, राजेश, रवि, रामशिया, राकेश, मोनू सहित नगर पालिका परिषद के कर्मचारी, स्वच्छता कर्मी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जैन समाज का मौन जुलूस व प्रदर्शन आज

आर्यिका माताओं के दुखद निधन पर समाज में असंतोष

नवभारत न्यूज

नागौद 24 मई। दिनांक 20 मई 2026 को प्रातः लगभग 6 बजे रीवा में नित्य क्रिया के दौरान पूज्य गुरु माताएं आर्यिका श्रुतुमयी माताजी एवं आरिका उपसमयी माताजी के साथ हुए अत्यंत दुखद सड़क दुर्घटना, जिसमें वाहन चालक घटना के बाद फरार हो गया ने संपूर्ण जैन समाज को गहरा आघात पहुंचाया है।

यह घटना केवल जैन समाज की भावनाओं से जुड़ा विषय नहीं है, बल्कि संत परंपरा, धार्मिक मूल्यों एवं सामाजिक सुरक्षा पर गंभीर प्रश्न भी खड़े करती है।

इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के विरोध एवं संत सुरक्षा की मांग को लेकर समस्त जैन समाज नागौद द्वारा दिनांक 25 मई 2026, सोमवार, प्रातः 8:30 बजे एक मौन जुलूस एवं विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया है।

यह मौन जुलूस दिगम्बर जैन मंदिर परिसर से निर्धारित मार्ग से होकर कचेहरी पहुंचेगा, जहां से राष्ट्रपति महोदया के नाम संबोधित ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी नागौद को सौंपा जाएगा।

इसका उद्देश्य संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग करना तथा समाज में धार्मिक व्यक्तित्वों के सम्मान एवं संरक्षण हेतु जनजागरण करना है।

यह अपील समस्त जैन नागौद एवं समस्त श्रावक-श्राविका गण ने समाज जन, विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से अपील की जाती है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस शांतिपूर्ण एवं सामाजिक एकता के प्रतीक आयोजन में सहभागी बनें।

अमदरा स्टेशन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

महाविद्यालय में विज्ञान-गणित संकाय खोलने की मांग

नवभारत न्यूज

अमदरा 24 मई। रेवांचल सुपरफास्ट एक्सप्रेस से सतना से भोपाल जाते समय भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का अमदरा रेलवे स्टेशन में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला पहनाकर एवं जयघोष के साथ उनका अभिनंदन किया।

इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने शासकीय महाविद्यालय अमदरा में गणित एवं विज्ञान संकाय प्रारंभ किए जाने की मांग को लेकर प्रदेश अध्यक्ष को मांग पत्र सौंपा। कार्यकर्ताओं ने बताया कि क्षेत्र के विद्यार्थियों को विज्ञान एवं गणित विषयों की पढ़ाई के लिए दूर-दराज के शहरों में जाना पड़ता है, जिससे उन्हें आर्थिक एवं शैक्षणिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों की मांग को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विषय पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया।

स्वागत कार्यक्रम में भाजपा मंडल एवं शक्ति केंद्र के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा स्थानीय नागरिक के साथ साथ विधि प्रकोष्ठ विधानसभा प्रभारी मैहर अधिवक्ता रमाकांत दुबे ओरिजिनल स्कूल संचालक पवन अग्रवाल सुरेन्द्र पटेल शक्ति केंद्र प्रभारी एवं मंडल मंत्री शिवम साहू शक्ति केंद्र सहप्रभारी उपाध्यक्ष जागेश्वर पटेल अंकित परोहा प्रवीण पटेल बृजकिशोर शुक्ला अंकित साहू एवं समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

ग्रामोदय विश्वविद्यालय में कक्षाएं अब प्रातः 7 .30 से 12 .10 बजे तक लगेंगी

नवभारत न्यूज

चित्रकूट, 24 मई । महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो आलोक चौबे की अध्यक्षता में संपन्न वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में अत्यधिक गर्मी को देखते हुए वर्तमान में संचालित कक्षाओं के समय को परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया गया है।

छात्र हित को दृष्टिगत रखते हुए प्रातः 07:30 बजे से अपरान्ह 12:10 तक कक्षाएं संचालित होंगी। संकाय एवं प्रशासनिक कार्यालय का समय यथावत रहेगा। द्वितीय शनिवार एवं तृतीय शनिवार को कक्षाएं आनलाइन मोड में सम्पादित की जायेगी। कुलसचिव प्रो आञ्जनेय पांडेय ने बताया कि यह व्यवस्था दिनांक 25 मई 2026 से 30 जून 2026 तक प्रभावी रहेगी। कुलसचिव प्रो पांडेय ने बताया कि राज्यपाल के प्रमुख सचिव, मध्य प्रदेश के पत्र क. 399/ रा.स./ यूए. -3/2026 दिनांक 15.05.2026 के परिपालन में विश्वविद्यालय में प्रत्येक माह के द्वितीय एवं तृतीय शनिवार को नो कम्बश्चन डे (अदहन दिवस) के रूप में लागू करते हुए वर्क फ्रॉम होम की व्यवस्था की गई है। शिक्षक अपनी आवंटित कक्षायें ऑन लाइन मोड में संचालित करेंगे। प्रायोगिक कक्षाओं को अन्य दिनों में समायोजित किया जायेगा। यह व्यवस्था 30 जून, 2026 तक प्रभावी रहेगी । परीक्षायें पूर्व निर्धारित कार्यकम अनुसार संचालित रहेंगी ।

एक नजर में

वैवाहिक वर्षगाँठ पर स्वास्थ्य केंद्र में वितरित किये फल

उचेहरा । समाजसेवी अनिल बाजपेयी के वैवाहिक वर्षगांठ पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अनिल कुमार बाजपेई व उनकी पत्नी श्रीमती अरुणा बाजपेई सहित उनके शुभचिंतकों द्वारा भर्ती मरीजों को फल वितरित कर उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की गई इस अवसर पर मुख्य खण्ड चिकित्साअधिकारी डॉ ए के राय , डॉक्टर दीपक पांडे , डॉ के एस परिहार , डॉ सत्येंद्र प्रसाद, दीपांसू समदरिया गोविंद बाजपेई, अभिषेक गुप्ता सागर चतुर्वेदी,अनुपम समदरिया,अमन पांडे, राजन सेन सहित उनके कई शुभ चिंतक मौजूद रहे।

सीएम हेल्पलाइन में शिकायत के बाद भी नहीं बदला ट्रांसफार्मर

कोटर । ग्राम बिहरा में पाठक बस्ती के पास शिवानंद तिवारी का ट्रांसफार्मर 2 माह से जला हुआ है जिसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन में भी की गई है लेकिन अभी तक विद्युत मंडल के द्वारा ट्रांसफार्मर को बदलने का कोई प्रयास नहीं किया गया । इस भीषण गर्मी में पीने के पानी का भी संकट हो रहा है। विद्युत मंडल के अधिकारियों से तुरंत ट्रांसफार्मर को बदलने की मांग की गई है।

छात्रावास का भूमिपूजन विक्रम सिंह की अध्यक्षता में आज

रामपुर बाघेलान । रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह के विषेश प्रयासों से केन्द्र प्रवर्तित योजना धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत 100 सीटर बालक एवं 100 सीटर बालिका छात्रावास का निर्माण कार्य 8 करोड़ की लागत राशि से आई टी आई कालेज के बगल में नेमुआ नगर परिषद् रामपुर बाघेलान में निर्मित होना है 25 मई 26 सोमवार को शाम 5 बजे रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह की अध्यक्षता में इस जनजातीय छात्रावास का भूमिपूजन किया जाएगा।

राम जन्म एवं कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुन श्रद्धालु हुए भावविभोर

अमदरा। स्वर्गीय पंडित नरेश गौतम जी के निवास पर आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में रविवार को भक्तिमय वातावरण के बीच कथा वाचक कुलदीप मिश्रा ने भगवान की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने भगवान के 52 अवतारों, समुद्र मंथन, भगवान श्रीराम जन्मोत्सव एवं भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के प्रसंगों को विस्तारपूर्वक सुनाया, जिसे सुन श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए।आचार्य श्री कुलदीप मिश्रा जी ने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म और अन्याय बढ़ा है, तब-तब भगवान ने विभिन्न अवतार लेकर धर्म की स्थापना की है। उन्होंने भगवान के अवतारों के माध्यम से मानव जीवन को सत्य, सेवा, करुणा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कथा में भगवान के मत्स्य, कूर्म, वराह, नरसिंह सहित विभिन्न अवतारों का सुंदर वर्णन किया गया। समुद्र मंथन प्रसंग का वर्णन करते हुए कथा वाचक ने बताया कि जीवन भी समुद्र मंथन के समान है, जिसमें धैर्य, संयम और विश्वास रखने वाले व्यक्ति को अंततः अमृत रूपी सफलता प्राप्त होती है। देवताओं और असुरों के संघर्ष, भगवान शिव द्वारा विषपान एवं अमृत प्राप्ति की कथा को श्रद्धालुओं ने बड़े भाव से सुना। भगवान श्रीराम जन्मोत्सव के प्रसंग पर पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। कथा वाचक ने भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा एवं माता-पिता के प्रति समर्पण का संदेश दिया। वहीं भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण केवल भगवान ही नहीं, बल्कि प्रेम, नीति और धर्म के प्रतीक हैं। कृष्ण जन्म के प्रसंग पर श्रद्धालु भजन-कीर्तन में झूम उठे और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।श्रीमद्भागवत कथा का प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से हरि इच्छा तक किया जा रहा है।

पानी के लिए वर्षो पूर्व खोदी सड़क का नहीं हुआ सुधार

नवभारत न्यूज

उचेहरा 24 मई । मुख्यमंत्री शहरी पेय जल योजना के तहत उचेहरा नगर के मुख्य मार्ग सहित अन्य वार्डो में वर्षो पूर्व पानी के लिए खोदी गई सड़क की अभी तक मरम्मत नही हो सकी जिसके चलते आये दिन दुर्घटनाये होती है ।

यही हाल नगर के कुछ वार्डो का है जहां अभी तक रोड की मरमत नही कराई गई बरसात के दिनों में खासकर दुर्घटनाये और बढ़ जाती है जलकर के जुम्मेदार जानकर भी अनजान बने हुए है इन दिनों इस अव्यवस्था का एक वीडियो शोसल मीडिया में खूब ट्रेण्ड हो रहा है जब नगर के मुख्य मार्ग का यह हाल है तो नगर की गलियों को देखने वाला भला कौन ट्रेंड कर रहा वीडियो पुरानी सब्जी मंडी के आगे का बताया जा रहा है जिसमे साफ देखा व सुना जा सकता है कि नगर वासी अपने स्वयं के ब्यय से खोदी रोड को बनवा रहे हैं । अब देखना होगा कि जिम्मेदारों की नींद कब तक मे खुलती है और अपनी जुम्मेदारी का कब तक मे उन्हें एहसास होता है।

इनका कहना

हमारे घर के पास पानी के लिए वर्षो पहले पाइप लाइन डालने खोदी गई रोड को न बनाने से आये दिन दुर्घटनाये होती रहती है खासकर बरसात के दिनों ने इसीलिए अपने ब्यय से रोड की मरम्मत करवा रहे हैं -

ध्रुव ताम्रकार,मेन रोड वार्ड 4 उचेहरा

थाना रामनगर में शांति समिति की बैठक आज

रामनगर । मैहर जिले के रामनगर थाना परिसर में 25 मई 2026 को शाम 6 बजे ईद-उल-जहां (बकरीद) एवं आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक होगी।

बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं समाज सेवियों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में एसडीएम रामनगर, अनुविभागीय (पुलिस) अधिकारी अमरपाटन, तहसीलदार रामनगर, सीएमओ नगर परिषद और थाना प्रभारी रामनगर की उपस्थित रहेंगे ।

रामपुर बाघेलान में पानी के संकट से मचा हाहाकार

हैंडपंप सुधार कार्य कराया जाए :रामशंकर

नवभारत न्यूज

सतना 24 मई। रामपुर बाघेलान विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सैकड़ो हैंडपंप बिगड़े हुए हैं वाटर लेवल नीचे होने के कारण पाइप की कमी है।

राइजर पाइप डाले जाए कई जगह लीकेज हैं कई जगह हैंडल खराब है कई जगह पंप खराब है पानी नीचे होने के कारण बहुत जगह मोटर पंप डालने की आवश्यकता है रामशंकर पयासी पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रामपुर बाघेलान ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि बिगड़े हुए हैंडपंप तत्काल बनवाए जाएं और जहां पाइप की कमी है वहां राइजर पाइप डाले जाएं जहां वाटर लेवल बहुत डाउन है वहां मोटर वाहन लगाया जाए ।रामपुर के दक्षिणी भाग में पानी का बहुत ही संकट है वाहन मोटर डालनी पड़ेगी श्री पयासी ने जिला कलेक्टर से मांग किया है सात दिवस के अंदर तत्काल हैंडपंप बनवाया जाए और मोटर डाली जाएं। यदि सात दिवस के अंदर कार्य नहीं कराएगा तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन के लिए बाध्य होगी और इसकी समस्त जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

सार्वजनिक स्थानों की सफाई, स्वच्छता व सुरक्षा का ध्यान रखेंगे :फकीर टोली

नवभारत न्यूज

नागौद 24 मई। आज फकीर टोली ने जसो रोड में रावना गेट और पटपर नाथ मंदिर के दाहिने छोर में स्थित पार्क में सफाई का अभियान चलाया।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज रविवार को विशेष श्रमदान दिवस होने के कारण टीम के सदस्य सबेरे 7.30 बजे इस पार्क में पहुंचे, वहां देखा तो कचरा और गंदगी का अंबार लगा हुआ था। पार्क में एक और गड़बड़ी थी कि विगत मेला के समय इस पार्क के गेट को खोला गया था, जो आज तक बंद ही नहीं हुआ। कुछ साल पहले इस पार्क में नगर परिषद का सुदामा नाम का कर्मचारी काम करता था जो इसे सुरक्षित रखते हुए इसकी पूरी व्यवस्था देखता था, लेकिन उसने यहीं पर सुसाइड कर लिया था तब से यह पार्क उपेक्षित और ऐसे ही पड़ा है। पार्क का उपयोग लोग पीपल की पूजा के लिए करते ही है लेकिन हिंदू धर्म के अनुसार कुछ संस्कारिक कार्यक्रम पीपल में दिया-बाती करना, फिर एकादशाह के कार्यक्रम भी इस पार्क में होते हैं। पूर्व में यहां पर नगर परिषद के द्वारा एक पानी के टंकी भी रखवाई गई थी, यह टंकी बहुत दिन पहले पेड़ टूटकर गिरने से छतिग्रस्त हुई फिर तभी से नदारत है।

न कोई जलसा न पर्व, सरपंच - सचिव डकार गए 200 किलो लड्डू

मामला नागौद के धतुनहा ग्राम पंचायत का , पंच पति के नाम हुआ भुगतान

नवभारत न्यूज

नागौद 24 मई । जनपद पंचायत नागौद अंतर्गत धतुनहा पंचायत में भ्रष्टाचार की नित नई इबारत लिखी जा रही है । सरकारी राशि को सरपंच - सचिव मिलकर बंदरबांट कर रहे हैं।

इसीक्रम में 18 मई 26 को 200 किलो बूंदी के लड्डू के नाम कर तीस हजार की राशि से निकाल ली गई। जिसके नाम भुगतान निकाला गया वे खुद पार्षद पति है। जन सुनवाई में शिकायतों का अंबार, फिर भी कार्रवाई शून्य।

ग्राम पंचायत दतुनहा में भ्रष्टाचार पर उठे सवाल,सतना जिले की नागौद तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत दतुनहा एक बार फिर भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर सुर्खियों में है।

ग्राम पंचायत में कथित भ्रष्टाचार, फर्जीवाड़ा और सरकारी राशि के दुरुपयोग को लेकर ग्रामीणों द्वारा कई बार जिला पंचायत सीईओ, जिला कलेक्टर एवं जनसुनवाई में शिकायतें दर्ज कराई गईं। शिकायत पत्रों पर प्राप्ति की तारीखें और अधिकारियों के हस्ताक्षर होने के बावजूद आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में लंबे समय से भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है और जिम्मेदार अधिकारी शिकायतों को दबाने में लगे हैं। लोगों का कहना है कि कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच पैसों के लेनदेन के कारण कार्रवाई नहीं की जा रही, जिससे भ्रष्टाचार को खुला संरक्षण मिल रहा है। दतुनहा पंचायत पहले भी कई मामलों में विवादों और भ्रष्टाचार की चर्चाओं में रही है। अब ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है।

नागौद नगर पंचायत वार्ड नं 2 के भाजपा पार्षद किरण वर्मा के पति रामदास वर्मा के नाम से लड्डू के नाम पर भुगतान हुआ है, मजेदार बात यह है कि रामदास वर्मा की न कोई दुकान है, न गुमाश्ता लाइसेंस,न ही जीएसटी रजिस्ट्रेशन , वे खानसामा का काम करते हैं । उनके नाम 200 किलो लड्डू का 30 हजार का भुगतान हो गया, सवाल यह है कि 18 मई 26 को पंचायत में जलसा किस खुशी में हुआ,ग्रामीणों को भी नहीं पता है।

भ्रष्टाचार का नया मामला 200 किलो लड्डू के भुगतान का

जानकारी के अनुसार 18/05/2026 को पंचायत रिकॉर्ड में 200 किलो बूंदी के लड्डू खरीद दिखाकर ?30,000 का भुगतान किया गया। ग्रामीणों ने भुगतान और सामग्री खरीदी पर सवाल उठाए हैं। आरोप है कि पंचायत से जुड़े जिम्मेदार लोगों द्वारा फर्जी बिलों के माध्यम से राशि निकाली गई। मामले की जांच की मांग तेज हो गई है।